तापमान

भोपाल	23.0°	28.0°
इंदौर	23.0°	28.0°
जबलपुर	23.0°	27.0°
ग्वालियर	24.0°	30.0°
सागर	21.0°	25.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 263, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल दशमी संवत् 2083
शनिवार, 22 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... स्वामी चिन्मयानंद का योगदान सदैव स्मरणीय...

खेल... मानव सुथार से बोले पुजारा, आईपीएल के लिए ...

व्यापार... चीनी की जमाखोरी पर सरकार सख्त स्टॉक सीमा...

देश-विदेश... पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अस्पताल से ...

105 वर्षीय कैदी को रिहा करने का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 105 वर्ष के एक कैदी को बड़ी राहत देते हुए उसकी रिहाई का आदेश दिया है। अदालत ने कैदी की अधिक उम्र और स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए मानवीय आधार पर यह फैसला सुनाया। मामला वर्ष 1994 के एक हत्या प्रकरण से जुड़ा है। कैदी लंबे समय से जेल में बंद था। सुनवाई के दौरान अदालत ने उसकी उम्र और वर्तमान स्थिति पर विचार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस उम्र में लंबे समय तक कारावास में रखना मानवीय दृष्टिकोण से उचित नहीं है। अदालत के आदेश के बाद संबंधित कैदी को अब जेल से रिहा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राहत प्रदान की है। न्यायालय ने अपने फैसले में उम्रदराज कैदियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारा, मरीजों की पूछी कुशलक्षेम

जन विश्वास अभियान के तहत आंगनबाड़ी व जिला अस्पताल का निरीक्षण किया, नागरिकों की समस्याएँ सुनीं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को टीकमगढ़ प्रवास के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र तखा और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचने पर लाड़ली बहनों, बेटियों और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही महिलाओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उन्हें रक्षासूत्र बांधा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं को उपहार स्वरूप साड़ी, श्रृंगार सामग्री और छाता भेंट किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों से संवाद किया और उन्हें स्नेहपूर्वक दुलार किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से भोजन और नाश्ते की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने नन्हीं बालिका वैष्णवी को अपने हाथों से

खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में रसोई कक्ष का निरीक्षण किया और बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी पंजीयन काउंटर, चिकित्सकों के कक्ष, रक्त नमूना केंद्र, ट्रॉमा सेंटर के आपातकालीन वार्ड और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती सर्पदंश और दुर्घटना के मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां भर्ती 19 कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य सामग्री की टोकरी वितरित की। इस दौरान पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ कल्याण विभाग की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सहकारिता अधिकारी निलंबित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन विश्वास अभियान के तहत समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में टीकमगढ़ के सीएम हेल्पलाइन शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर जिला पंजीयक सहकारिता एस.के. कौशिक को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। यह कार्रवाई सहकारी बैंक की मवई शाखा द्वारा मृतक रानीबाई के नॉमिनी खाते में राशि हस्तांतरित नहीं करने की शिकायत पर की गई।

टीकमगढ़ में बनेगा कुंडेश्वर लोक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि टीकमगढ़ जिले में महाकाल लोक की तर्ज पर कुंडेश्वर लोक विकसित किया जाएगा। उन्होंने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुंडेश्वर धाम के विकास की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में उद्योग, रोजगार और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने पीतल शिल्प कलाकारों को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुशासन सरकार की प्राथमिकता है और लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

मैहर अपर कलेक्टर और टीकमगढ़ जिला पंचायत सीईओ को नई जिम्मेदारी, दो नगर निगम आयुक्त भी बदले

32 आईएएस अधिकारियों की पदस्थापना दस जिला पंचायत सीईओ बदले गए

अभिषेक सराफ

काजल जावला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 32 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों और चार राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश में कई जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ), अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादला सूची में 10 जिलों के जिला पंचायत सीईओ शामिल हैं। इसके अलावा ग्वालियर और सतना नगर निगम के आयुक्त भी बदले गए हैं। आदेश के अनुसार 2016 से 2024 बैच तक के अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री की ओर से प्रशासनिक कार्यों में की जा रही कसावट के तहत यह तबादले किए गए हैं।

2016-2018 बैच के अधिकारियों के तबादले

अधिकारी	वर्तमान पद	नई जिम्मेदारी
संजना जैन (2016)	अपर कलेक्टर, मैहर	उप सचिव, जल संसाधन विभाग
जगदीश कुमार गोमे (2016)	सीईओ जिला पंचायत सिंगरौली	सीईओ जिला पंचायत सागर
अभिषेक चौधरी (2018)	सीईओ जिला पंचायत धार	आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर
संघ प्रिय (2018)	आयुक्त नगर निगम ग्वालियर	सीईओ जिला पंचायत सिंगरौली
अक्षय कुमार तेम्रवाल (2018)	सीईओ जिला पंचायत दतिया	अपर आयुक्त, नगर निगम भोपाल
ज्योति शर्मा (2018)	सीईओ जिला पंचायत देवास	उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन
अंजली जोसेफ जोनाथन (2018)	सीईओ जिला पंचायत हरदा	उप सचिव, लोक निर्माण विभाग
नवीत कुमार धुर्वे (2018)	सीईओ जिला पंचायत टीकमगढ़	सीईओ जिला पंचायत देवास

2019-2021 बैच के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी

अधिकारी	वर्तमान पद	नई जिम्मेदारी
सृष्टि देशमुख गौड़ा (2019)	अपर कलेक्टर खंडवा	सीईओ जिला पंचायत रीवा
काजल जावला (2019)	सीईओ जिला पंचायत बड़वानी	अपर मिशन संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल
डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा (2019)	सीईओ जिला पंचायत खंडवा	आयुक्त नगर निगम सतना एवं सीईओ स्मार्ट सिटी सतना (अतिरिक्त प्रभार)
अनिल कुमार डामोर (2019)	अपर कलेक्टर विदिशा	उप सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
अभिषेक सराफ (2020)	सीईओ जिला पंचायत बालाघाट	अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल
विवेक के. व्ही. (2020)	सीईओ जिला पंचायत सागर	सीईओ जबलपुर विकास प्राधिकरण
सौम्या आनंद (2021)	सीईओ जिला पंचायत श्योपुर	सीईओ जिला पंचायत सीधी

2022 बैच के अधिकारियों में बदलाव

अधिकारी	वर्तमान पद	नई जिम्मेदारी
ऐश्वर्य वर्मा	एसडीओ शहपुरा, डिंडौरी	सीईओ जिला पंचायत खंडवा
आशीष	एसडीओ सेंधवा, बड़वानी	अपर आयुक्त नगर निगम इंदौर
कार्तिकेय जायसवाल	एसडीओ वारासिवनी, बालाघाट	सीईओ जिला पंचायत श्योपुर
विशाल धाकड़	एसडीओ कुक्षी, धार	सीईओ जिला पंचायत टीकमगढ़
सोनाली देव (2022)	एसडीओ बिछिया, मंडला	उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन
अर्पित गुप्ता (2022)	एसडीओ बैहर, बालाघाट	सीईओ जिला पंचायत बड़वानी
तनुश्री मीणा (2022)	एसडीएम पेटलावद, झाबुआ	सीईओ जिला पंचायत बालाघाट
श्रद्धा शुक्ला	पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत	अपर कलेक्टर खंडवा

2024 बैच के सहायक कलेक्टरों की नई पदस्थापना

अधिकारी	नई पदस्थापना
आशीष कुमार	एसडीओ (राजस्व), बीना, सागर
अनिकेत शांडिल्य	एसडीओ (राजस्व), बैहर, बालाघाट
आकाश अग्रवाल	एसडीओ (राजस्व), मझौली, सीधी
पाटिल आशीष अशोक	एसडीओ (राजस्व), कुक्षी, धार
सुशिर कृष्ण श्रीराम	एसडीओ (राजस्व), देवसर, सिंगरौली
कुलदीप पटेल	एसडीओ (राजस्व), बिछिया, मंडला
जमादार फरहान इरफान	एसडीओ (राजस्व), शाहपुरा, डिंडौरी
ठाकरे ऋषिकेश विजय	एसडीओ (राजस्व), बिजावर, छतरपुर
नवकिरण कौर	एसडीओ (राजस्व), डबरा, ग्वालियर

मुख्यमंत्री के दौरे के बाद दो अधिकारियों पर गिरी गाजः *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मैहर दौरे के 48 घंटे बाद अपर कलेक्टर मैहर संजना जैन को हटाकर उप सचिव जल संसाधन विभाग भेजा गया। वहीं मुख्यमंत्री के टीकमगढ़ दौरे के दिन सीईओ जिला पंचायत टीकमगढ़ नवीत कुमार धुर्वे का तबादला कर उन्हें सीईओ जिला पंचायत देवास बनाया गया।*

नागार्जुन और सृष्टि अब सतना-रीवा में

खंडवा में बेहतर प्रशासन और उपलब्धियों के लिए चर्चा में रहे डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा को सीईओ जिला पंचायत खंडवा से आयुक्त नगर निगम सतना बनाया गया है। उन्हें स्मार्ट सिटी सतना के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं उनकी पत्नी सृष्टि देशमुख गौड़ा को अपर कलेक्टर खंडवा से सीईओ जिला पंचायत रीवा बनाया गया है। दोनों की पदस्थापना पड़ोसी जिलों में की गई है।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय रहे चर्चा में

ग्वालियर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय का तबादला सीईओ जिला पंचायत सिंगरौली किया गया है। वे हाल ही में नगर निगम परिषद की विशेष बैठक में डिजिटल सिग्नेचर डोंगल गायब होने के मामले को लेकर चर्चा में आए थे। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने को लेकर आयुक्त और पार्षदों के बीच तीखी बहस हुई थी।

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारी

- अनुपमा चौहान – सीईओ जिला पंचायत शाजापुर से अपर कलेक्टर हरदा
- शैलेंद्र सिंह – सीईओ जिला पंचायत सीधी से सीईओ जिला पंचायत छतरपुर
- मेहताब गुर्जर – सीईओ जिला पंचायत रीवा से उप सचिव, खनिज साधन विभाग
- गणेश जायसवाल – अपर संचालक जनसंपर्क से सीईओ जिला पंचायत बैतूल

राहुल के धरने के बाद पैलेट गन मामले में एफआईआर

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान घायल छात्र साहिल की शिकायत पर पैलेट गन मामले में एफआईआर दर्ज की है।

मामला अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज किया गया है। साहिल ने आरोप लगाया कि पैलेट के छर्रे लगने से उसकी आंख की रोशनी चली गई। एफआईआर दर्ज होने तक राहुल गांधी संसद मार्ग थाने के बाहर करीब पांच घंटे बैठे रहे। राहुल दोपहर करीब 12:30 बजे थाने पहुंचे थे और एफआईआर दर्ज होने तक वहां से नहीं हटने की बात कही थी। शाम करीब 5:30 बजे पुलिस ने प्रक्रिया शुरू की। राहुल के साथ प्रियंका गांधी और अन्य नेता भी मौजूद थे।

नड्डा ने उठाए सवाल

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राहुल गांधी को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उनका प्रदर्शन छात्रों या न्याय के लिए नहीं, बल्कि राजनीतिक हताशा और मीडिया में बने रहने की कोशिश है। नड्डा ने कहा कि 20 जुलाई की घटना पर सर्वोच्च न्यायालय पहले ही संज्ञान ले चुका है और पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय समिति मामले की जांच कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब न्यायालय जांच कर रहा है तो राहुल गांधी थाने के बाहर बैठकर क्या साबित करना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया।

स्वाइन फ्लू के देशभर में बढ़ते मामलों की समीक्षा

स्वास्थ्य मंत्री ने उपचार व नियंत्रित को लेकर अधिकारियों से की चर्चा

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः देश में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को दिल्ली में स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई।

बैठक में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में स्वाइन फ्लू की मौजूदा स्थिति, अस्पतालों की तैयारियों, जांच व्यवस्था, उपचार सुविधाओं और संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर चर्चा की गई। दिल्ली में इस वर्ष अब तक एच1एन1 संक्रमण के 1,349 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि में फ्लू के 229 मामले दर्ज किए गए थे।

खास-खबरें

रेड्डी को अमेरिका जाने की मंजूरी नहीं मिली

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को अमेरिका दौरे के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं मिली है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने राजनीतिक आधार पर दौरे को मंजूरी देने से इनकार किया। रेवंत रेड्डी फिलहाल लंदन में हैं और अब 23 अगस्त को सीधे हैदराबाद लौटेंगे। उनका अमेरिका दौरा 24 अगस्त से प्रस्तावित था, जिसमें हार्वर्ड विश्वविद्यालय, एमआईटी, बोस्टन और न्यूयॉर्क में कार्यक्रम शामिल थे। राज्य सरकार ने यूके और अमेरिका दौरे के लिए केंद्र से अनुमति मांगी थी, लेकिन केवल यूके दौरे को मंजूरी मिली।

आपत्ति सही हुई तो फीस वापस होगी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के बाद जारी उत्तर कुंजी को चुनौती देने के लिए लिए जाने वाले शुल्क पर सफाई दी है। एजेंसी के अनुसार, यदि किसी प्रश्न का उत्तर गलत लगता है तो अभ्यर्थी उस पर आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसके लिए प्रति प्रश्न 200 रुपये शुल्क निर्धारित है। एनटीए ने कहा कि शुल्क का उद्देश्य अनावश्यक आपत्तियों को रोकना है।

भोजशालाः अंदर हनुमान चालीसा, बाहर नमाज

- 500 नमाजियों ने अदा की नमाज, सुरक्षा के कड़े इंतजाम
- दोनों समुदायों के लिए अलग व्यवस्था, भोजशाला में हिंदू संगठनों ने किया हनुमान चालीसा पाठ

नईदुनिया ब्यूरो, धारः धार में शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार भोजशाला से सटे खसरा नंबर 612 पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुमे की नमाज अदा की।

नई व्यवस्था के तहत यह चौथा शुक्रवार था। इस बार करीब 400 से 500 नमाजी निर्धारित स्थल पर पहुंचे। नमाज स्थल के मुख्य द्वार तक नमाजियों की भीड़ रही। नमाज को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। भोजशाला और नमाज स्थल के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। नमाज स्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई और पूरे क्षेत्र को सफेद पर्दों से ढक दिया गया। दोनों समुदायों के आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्तों की व्यवस्था की गई।

जुमे की नमाज के दौरान भोजशाला में हिंदू संगठनों की ओर से हनुमान चालीसा का पाठ और भजन-कीर्तन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजन-दर्शन किए। इस दौरान घंटे-घड़ियाल, झांझ-मंजीरे और शंख की ध्वनि भी सुनाई देती रही। भोज उत्सव समिति के संरक्षक विश्वास पांडे ने कहा कि हिंदू समाज को सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा का अधिकार प्राप्त है और इसी के तहत प्रत्येक शुक्रवार हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूजा-पाठ का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

सीएसपी नेहा निलंबित, कार्यालय सीज

नईदुनिया ब्यूरो, कटनीः *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी की नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) नेहा पच्चीसिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। कार्रवाई के बाद पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सीएसपी कार्यालय को भी सीज कर दिया गया। बताया गया कि 82.86 लाख रुपये की जमीन को 18.20 लाख रुपये में हस्तांतरित कराने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन से जुड़े मामलों में लापरवाही, दबाव या पद के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।*

होर्मुज पर अमेरिका का नियंत्रण होगाः ट्रंप

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसीः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की नौसेना, वायुसेना और सैन्य नेतृत्व को भारी नुकसान पहुंचा है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका किसी भी स्थिति में ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई जरूरी थी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा कोई खतरा सामने आने पर अमेरिका फिर कड़े कदम उठा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के कई प्रमुख नेता अब मौजूद नहीं हैं, जिससे नए समझौते पर बातचीत कठिन हो गई है। उन्होंने ईरान में आर्थिक संकट, महंगाई और सैन्य खर्च को लेकर भी टिप्पणी की। इस बीच अमेरिका ने ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों और कंपनियों को चेतावनी दी है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बैसेंट ने कहा कि ईरान के साथ व्यापार जारी रखने वालों के खिलाफ कड़े आर्थिक कदम उठाए जा सकते हैं। अमेरिका ने हाल ही में ईरान पर नई आर्थिक कार्रवाई की घोषणा की है।

अदालत *सुप्रीम कोर्ट का फैसला, चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के बाद एक साल की क्लर्कशिप भी करनी होगी...*

वकालत की शर्त में बदलाव, अब एक साल का अनुभव जरूरी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने एंट्री-लेवल न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के लिए अनिवार्य वकालत की अवधि को तीन साल से घटाकर एक साल कर दिया है। शुक्रवार को दिए फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायिक सेवा परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार के पास कम से कम एक साल की वकालत का अनुभव होना जरूरी होगा।

हालांकि, अदालत ने चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण और क्लर्कशिप की व्यवस्था भी निर्धारित की है। परीक्षा में चयन के बाद उम्मीदवारों को न्यायिक अकादमी में प्रशिक्षण लेना होगा। इसके बाद उन्हें एक साल की क्लर्कशिप पूरी करनी होगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य न्यायिक सेवा में नियुक्त होने वाले नए अधिकारियों को व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ में न्यायमूर्ति ए. जी. मसीह और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन भी शामिल थे। तीन सदस्यीय पीठ ने 2:1 के बहुमत से फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले



साल 20 मई को एंट्री-लेवल न्यायिक सेवा परीक्षा में नए विधि स्नातकों के सीधे शामिल होने पर रोक लगाई थी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उस समय परीक्षा में शामिल होने के लिए कम से कम तीन साल की वकालत का अनुभव अनिवार्य किया था।

उस फैसले के बाद विधि की पढ़ाई पूरी करने वाले नए स्नातकों को न्यायिक सेवा परीक्षा में सीधे शामिल होने का अवसर नहीं मिल रहा था। अब शीर्ष अदालत ने वकालत के अनुभव की अनिवार्य अवधि को घटाकर एक साल कर दिया है। नए फैसले के अनुसार, न्यायिक सेवा में प्रवेश की प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और चयन के बाद प्रशिक्षण को भी महत्व दिया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों को न्यायिक अकादमी में प्रशिक्षण पूरा करना होगा और इसके बाद एक साल की क्लर्कशिप करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एंट्री-लेवल न्यायिक सेवा परीक्षा की पात्रता से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। अब न्यायिक सेवा में प्रवेश की तैयारी कर रहे विधि स्नातकों के लिए तीन साल की जगह एक साल का वकालत अनुभव पर्याप्त होगा।